कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री बनवारी लाल जोशी, निवासी ग्राम व पोस्ट पापडदा तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान

अपील संख्या 15/2024

निर्णय दिनांक 03.05.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2024/1146 दिनांक 08.04.2024 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान द्वारा पत्र कमांकः आरटीआई/2024/201 दिनांक 05.04.2024 के द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की है कि अपीलांट को वस्तुस्थिति की सूचना से दिनांक 24.04.2024 को अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की छायाप्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:28:02 IST
Reason: SelfAttested